


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## महाराष्ट्र में एकलौते धुरंधर देवेंद्र

### निकाय चुनाव के नतीजों ने लगाई मुहर; मुंबई में जीत का जश्न

बीएमसी चुनाव नतीजों के बाद मुंबई में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के 'धुरंधर देवेंद्र' पोस्टर लगाए गए। भाजपा ने 227 में से 89 वार्ड जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी। इसके साथ ही करीब तीन दशक से चल रहा ठाकरे परिवार का राज खत्म हो गया है। बीएमसी चुनाव नतीजों के बाद मुंबई में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के 'धुरंधर देवेंद्र' पोस्टर लगाए गए। भाजपा ने 227 में से 89 वार्ड जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर अपनी राजनीतिक ताकत दिखाई। मुंबई में बीएमसी चुनाव नतीजों के बाद राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्माया हुआ है। देश की सबसे समृद्ध बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में अपना मेयर बनाने का भाजपा का 45 साल पुराना सपना पूरा होने जा रहा है। करीब तीन दशक से चल रहा ठाकरे परिवार का राज खत्म हो गया है। इसी बीच शहर के कई इलाकों में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की तस्वीरों वाले



'धुरंधर देवेंद्र' पोस्टर लगाए गए हैं, जो चर्चा का केंद्र बने हुए हैं। ये पोस्टर मुंबई भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष तजिंदर सिंह तिवाना की ओर से लगाए गए हैं, जो हाल ही में नगरसेवक भी चुने गए हैं।पोस्टरों के जरिए भाजपा ने बीएमसी चुनाव में अपनी मजबूत मौजूदगी और नेतृत्व को रेखांकित करने की कोशिश की है। चुनाव नतीजों की बात करें तो 227 वार्डों वाली बृहन्मुंबई महानगरपालिका में भाजपा ने सबसे ज्यादा 89 सीटें जीतकर खुद को सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित किया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि 'धुरंधर देवेंद्र' जैसे पोस्टर भाजपा की जीत का उत्सव मनाने के साथ-साथ यह संदेश भी देते हैं

## ट्रंप ने वेनेजुएला से की डील



ट्रंप ने कहा, 'हम अपनी बहुत बड़ी अमेरिकी तेल कंपनियों को भेजेंगे, वे अरबों डॉलर खर्च करेंगी, बुरी तरह से क्षतिग्रस्त तेल बुनियादी ढांचे की मरम्मत करेंगी और देश के लिए पैसा कमाना शुरू करेंगी।'अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वेनेजुएला ने वॉशिंगटन को 52 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य का 50 मिलियन बैरल तेल देने की पेशकश की है। उन्होंने इस सौदे पर सहमति जताई है। सदर्न बुलेवार्ड का नाम बदलकर डोनाल्ड जे. ट्रंप बुलेवार्ड रखे जाने के मौके पर उन्होंने कहा, 'हम नई राष्ट्रपति से बातचीत रहे हैं। हम उन लोगों से बातचीत कर रहे हैं जो देश चला रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे पास 5 करोड़ बैरल तेल है, और हमें इसे तुरंत संसाधित करना होगा क्योंकि हमारे पास जगह नहीं है। क्या आप इसे लेंगे?' मैंने कहा, 'हम इसे लेंगे। यह 5.2 अरब अमेरिकी डॉलर के बराबर है।'

## बठिंडा में भीषण हादसा

### डिवाइडर से टकराई फॉर्च्यूनर, महिला समेत पांच लोगों की मौत




बठिंडा के गांव गुरथाड़ी के पास मेन रोड पर शनिवार सुबह एक फॉर्च्यूनर गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में गाड़ी सवार एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कार सवार बठिंडा से डबवाली की तरफ जा रहे थे।

## प्रदर्शनों के बीच स्वदेश लौटे भारतीय

Iran Protests: ईरान में जारी अशांति के बीच भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी हो रही है। भारत सरकार और दूतावास तत्काल प्रभाव कदम उठाए हैं। भारत लौटे लोगों ने बताया कि वहां स्थिति ठीक नहीं है। पढ़िए पूरी रिपोर्ट-ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के कारण कई भारतीय शुक्रवार को दिल्ली लौट आए हैं। एक भारतीय नागरिक ने बताया कि वहां की स्थिति बहुत खराब थी। भारत सरकार ने बहुत सहयोग किया और दूतावास ने उन्हें जल्दी ईरान छोड़ने की जानकारी दी। उन्होंने कहा, तो (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी जी हैं, तो हर चीज मुमकिन है। एक अन्य



भारतीय ने कहा, वहां स्थिति सामान्य थी और हम सुरक्षित अपने घर लौट आए। ईरान में नेटवर्क की समस्या थी। मैं वहां काम के लिए गया था। एक और भारतीय ने बताया, हम वहां एक महीने के लिए गए थे। लेकिन पिछले एक-दो हफ्तों में ही हमें समस्याओं का सामना करना पड़ा। जब हम बाहर जाते थे, तो थे, तो प्रदर्शनकारी कार के सामने आ जाते थे। वे थोड़ी बाधा पैदा करते थे। इंटरनेट बंद था, इसलिए हम अपने परिवार से कुछ नहीं कह पा रहे थे, इसलिए थोड़ा चिंता हुई। हम दूतावास से भी संपर्क नहीं कर पा रहे थे। तेहरान से लौटे एक अन्य भारतीय के परिवार के सदस्य ने कहा, मेरी पत्नी की चाची ईरान यात्रा पर गई थीं। ईरान हमेशा से भारत का अच्छा मित्र रहा है और हम मोदी सरकार पर बहुत भरोसा करते हैं, जिसने लगातार समर्थन किया। हम भारत सरकार का धन्यवाद करते हैं, जिसकी वजह से यह संभव हो पाया। हम बहुत खुश हैं कि हमारे परिवार का सदस्य भारत लौट रहा है।

## Sikh Guru Remark Row

### विजेंद्र गुप्ता बोले- FSL की रिपोर्ट आई, सदन की रिकॉर्डिंग में कोई छेड़छाड़ नहीं



प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि सदन की आधिकारिक रिकॉर्डिंग को विपक्ष की मांग पर फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी यानी एफएसएल को भेजा गया था और एफएसए की रिपोर्ट आ गई है।दिल्ली विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को कहा कि विपक्ष की नेता आतिशी के सिख गुरुओं का अपमान करने वाले कथित बयानों से जुड़े वीडियो की सच्चाई पर फोरेंसिक साइंस लैब की रिपोर्ट में क्लिप को ओरिजिनल और बिना किसी छेड़छाड़ के बताया गया है। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा, 'जिस सदन की वीडियो के ऊपर प्रश्न उठाए गए, विपक्ष की मांग पर उस सदन की रिकॉर्डिंग को फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी यानी एफएलएल को भेजा गया था और एफएलएल की रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जो ऑडियो-वीडियो है वह एक ही है। उसमें किसी प्रकार की छेड़खानी नहीं की गई है। सदस्यों के समक्ष जब मैंने उस दिन दोनों पक्षों को अपने कमरे में बुलाया था। वहां पर विपक्ष की तरफ से यह मांग की गई कि इसकी फोरेंसिक जांच होनी चाहिए। सत्ता रूढ़ दल ने भी इस मांग पर अपनी मुहर लगा दी थी। जब जांच के लिए इसे भेजा गया तो अचानक 9 तारीख को ये खबर आती है कि पंजाब सरकार ने पहले ही इसकी जांच करवा

## राणा बलाचौरिया हत्याकांड का शूटर ढेर

### रात को बहाना बना कस्टडी से भागा, सात घंटे बाद पुलिस ने मार गिराया



15 दिसंबर 2025 को मोहाली के सोहाना में कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान राणा बलाचौरिया को गोलियां मारी गई थी। खेल प्रतियोगिता के बीच अचानक हुई फायरिंग में राणा बलाचौरिया की मौके पर ही मौत हो गई थी।कबड्डी प्रमोटर राणा बलाचौरिया हत्याकांड का मुख्य शूटर करन डिफॉल्टर मंगलवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो गया। यह मुठभेड़ न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर इलाके में क्रिकेट स्टेडियम के पास गांव रूरखी खाम (एयरपोर्ट रोड) पर हुई। सुबह करीब सात बजे शुरू हुई मुठभेड़ आधे घंटे तक चली।पुलिस के अनुसार करन डिफॉल्टर .30 बोर पिस्टल से लैस था। उसने पुलिस पर 6 से 7 राउंड फायर किए, जबकि जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने करीब 9 राउंड फायरिंग की। क्रॉस फायरिंग में करन को गोली लगी। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। एसएसपी हंस ने मौके पर पहुंच कर इसकी पुष्टि की है।बताया गया कि करन रात पुलिस कस्टडी से फरार हो गया था। वह सीआईए स्टाफ की हिरासत में था और .30 बोर पिस्टल की रिकवरी के लिए ले उसे साथ ले जाया जा रहा था। इसी दौरान धुंध के कारण पुलिस कार डिवाइडर पर चढ़ी तो करन ने सीने में दर्द होने का बहाना बनाया। जब उसे खरड़ अस्पताल ले जाया जा रहा था, तो रास्ते में उसने हाथ में पहनी हथकड़ी से पुलिस मुलाजिम पर हमला कर दिया और मौके

# Aaj Ka Rashifal 17 January

## इन 5 राशि वालों के लिए शुभ रहेगा दिन, नई नौकरी से लेकर धन लाभ तक की होगी प्राप्ति

आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 17 जनवरी 2026 का राशिफल।राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है। दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है।



### मेष

आज आपको पारिवारिक रिश्तों में एकजुटता बनाए रखनी होगी और प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। जीवनसाथी को आपकी कोई बात बुरी लग सकती हैं। यदि ऐसा हो आप उन्हें मनाने की पूरी कोशिश करें और यदि आपने किसी से धन उधार लेने का सोचा है, तो फिलहाल रुक जाएं, क्योंकि आपको उसे उतारने में समस्या आएगी। बिजनेस को लेकर आपको महत्वपूर्ण कदम ना उठाएं, नहीं तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा हो सकता है।

### वृषभ

आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढ़िया रहने वाला है, उन्होंने यदि किसी नए कोर्स को करने का सोचा था, तो वह उसमें दाखिला दिला सकते हैं। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे, जो आपको खुशी देंगे। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन होने से सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे और आपके चारों ओर का माहौल खुशनुमा रहेगा। यदि कोई नौकरी से संबंधित समस्या थी, तो वह भी आपके किसी परिजन की मदद से दूर होती दिख रही है।

### मिथुन

आज आपकी कला व कौशल में निखार आएगा। धार्मिक कार्यों में आपकी काफी रुचि मिलेगी और रोजगार की तलाश में दर-दर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप काम के सिलसिले में कहीं बाहर जा सकते हैं और आपको राजनीति में थोड़ा सोच समझकर कदम बढ़ाना होगा, क्योंकि लोग वहां आपका फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। आपकी अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आपको अच्छे काम के लिए कोई पुरस्कार भी मिल सकता है।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। छोटे बच्चों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके लिए बेहतर रहेगी और आप अपने किसी पैतृक संपति संबंधित विवाद को लेकर अपने भाई व बहनों से बातचीत करेंगे, जिससे वह मामला आपस में ही निपट जाएगा। आप अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे। सरकारी नौकरी में कार्यरत लोगों को प्रमोशन आदि मिलता दिख रहा है।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपकी इनकम बढ़ने से खुशी होगी। आपको कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने का मौका मिलेगा। आपका व्यापार पहले से बेहतर चलेगा और आप अपनी बुद्धि व विवेक से निर्णय लेकर लोगों को हैरान करेंगे। आपकी जीवन साथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। साथ की इनकम और बेहतर होगी। आपका कोई सरकारी काम यदि लंबे समय से पेंडिंग था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है। आपको किसी दूसरी कंपनी से ऑफर आ सकता है।

### कन्या

आज आप अपने दोस्तों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे, लेकिन इसके साथ-साथ आप अपनी जिम्मेदारियों पर भी पूरा ध्यान देंगे। यदि कोई शारीरिक समस्या है, तो उसको लेकर आप उसको लेकर अच्छे डॉक्टर से परामर्श ले और वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करें, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है। आपकी संतान किसी बात को लेकर परेशान रहेगी, लेकिन आपको अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड रहने से बचना होगा, नहीं तो इससे आपके काम लटकेंगे।

### तुला

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने दिनचर्या को बेहतर करने के प्रयासों में तेजी लाएंगे और आपके बॉस से आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती हैं। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आपको अपनी संतान की सेहत पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है और किसी अजनबी से कोई लेनदेन ना करें, नहीं तो बाद में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। आपका मन परेशान रहेगा और आपके घर किसी परिजन का आगमन होने से आपके खर्च बढ़ेंगे।

### वृश्चिक

आज आप अपने कामों को लेकर परेशान रहेंगे, लेकिन आपको काम को लेकर हिम्मत नहीं हारनी हैं और समस्याओं का डटकर सामना करना होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। परिवार में किसी बात को लेकर प्रचार विमर्श हो सकता है। एक साथ काफी काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढेगी। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। जीवनसाथी से आप कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करेंगे, जिससे कोई पारिवारिक समस्या सुलझ जाएगी।

### धनु

आज का दिन आपके लिए कुछ नए खर्च करने के लिए रहेगा। आप अपने भविष्य को लेकर कोई सोच विचार करेंगे। माता जी आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है। आप अपने भाई व बहनों की जरूरत को समय से पूरा करने की कोशिश करें, नही तो वह आपसे नाराज हो सकते हैं। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा।

### मकर

आज आपके मन में काम को लेकर नए-नए विचार आएंगे और आपका बिजनेस पहले से बेहतर चलेगा। आपके कामों मे कोई पार्टनरशिप होने की संभावना है। आपको किसी सरकारी योजना में इन्वेस्टमेंट करना बेहतर रहेगा, लेकिन आपको कुछ शत्रुओं को पहचान कर चलना होगा, नहीं तो वह आपको धोखा देने की कोशिश कर सकते हैं। आपकी कोई प्रिय वस्तु खो सकती है, इसलिए आप अपने सामानों की सुरक्षा अवश्य करें। आपका कोई दूर रह रहा मित्र आपसे लंबे समय बाद मेल मुलाकात करने आ सकता है।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थियों के लिए कोई पढ़ाई लिखाई से संबंधित वस्तु मिल सकती है। आपको कार्यक्षेत्र में किसी पॉलिटिक्स का हिस्सा बनने से बचना होगा, नहीं तो इसका असर आपके प्रमोशन पर भी पढ़ सकता है। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपको अपने लेनदेन से संबंधित मामलों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी और आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे।

### मीन

आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा और आपको अच्छा मुनाफा होने की संभावना है और आपको आज बॉस की ओर से कोई उपहार भी मिल सकता है। आप किसी काम को लेकर यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए लाभकारी रहेगी। यदि आप किसी प्रॉपर्टी को लेकर कोई लोन अप्लाई कर रहे थे, तो वह भी आपको मिल जाएगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। आपकी इनकम भी बेहतर रहेगी और आप अपनी दोस्तों की मदद के लिए भी आगे आएंगे।

इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक राशिफल ग्रह-नक्षत्र की चाल के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल है या नहीं। आज आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है या फिर किस तरह के अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं। दैनिक राशिफल को पढ़कर आप दोनों ही परिस्थिति (अवसर और चुनौतियों) के लिए तैयार हो सकते हैं।

## गांव दरियापुर में RRC केंद्र बना भेड़-बकरियों का तबेला




हाथरस जिले के गांव दरियापुर में सरकारी योजना के तहत बनाए गए आरआरसी (Resource Recovery Centre) की हालत बेहद चिंताजनक है। जिस केंद्र को गांव की स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और ग्रामीणों को रोजगार देने के उद्देश्य से बनाया गया था, आज वही केंद्र भेड़-बकरियों का तबेला बना हुआ है। सरकारी पैसों से बने इस भवन के अंदर जानवर बांधे जा रहे हैं, चारों तरफ गोबर और गंदगी फैली हुई है, दरवाजे और फर्श टूटे हुए हैं और किसी भी तरह का सरकारी काम वहां होता नजर नहीं आता। न तो कोई कर्मचारी तैनात है और न ही कचरा प्रबंधन से जुड़ी कोई व्यवस्था दिखाई देती है। यह साफ तौर पर दिखाता है कि यह केंद्र लंबे समय से बंद पड़ा है और इसकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है।ग्रामीणों का कहना है कि आरआरसी केंद्र केवल कागजों में चल रहा है, जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। केंद्र बनने के बाद कुछ दिन औपचारिकता निभाई गई, फोटो खिंचवाई गई और उसके बाद इसे यूं ही छोड़ दिया गया, जिस कारण अब लोग इसमें अपने जानवर बांधने लगे हैं। सवाल यह उठता है कि ग्राम पंचायत, पंचायत सचिव और संबंधित अधिकारियों ने इस पर ध्यान क्यों नहीं दिया और क्या कभी इसकी सही तरीके से जांच की गई। अगर यह केंद्र सरकारी रिकॉर्ड में चालू दिखाया जा रहा है, तो यह सरकारी धन की बर्बादी और लापरवाही का गंभीर मामला है। गांव के लोग मांग कर रहे हैं कि या तो इस आरआरसी केंद्र को तुरंत चालू किया जाए या फिर जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में सरकारी योजनाओं के साथ ऐसा मजाक न हो।

## Weather & Pollution:

### दिल्ली में कोहरा, प्रदूषण और ठंड की मार, बेहद खराब श्रेणी में हवा, जानें एक्यूआई



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में शनिवार सुबह घने कोहरे की चादर छा गई, जिससे दृश्यता लगभग शून्य हो गई और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। इसी बीच, वायु प्रदूषण का स्तर भी 'बेहद खराब' श्रेणी में पहुंच गया, जिससे लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के एनसीआर क्षेत्रों में शनिवार सुबह कड़ाके की ठंड के बीच घने कोहरे की चादर बिछ गई, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। कई इलाकों में दृश्यता (विजिबिलिटी) इतनी कम रही कि दैनिक कामकाज भी मुश्किल हो गया। वहीं, इस बीच वायु प्रदूषण के स्तर में भी चिंताजनक वृद्धि देखी गई, जिसने लोगों की मुश्किलों को और बढ़ा दिया। सुबह के समय दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में कोहरे की मोटी चादर देखने को मिली। कोहरे से दृश्यता घटी है कोहरे से दृश्यता घटी है और कई जगह शून्य मीटर तक दर्ज की गई है। सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम सी गई और चालकों को अत्यधिक सावधानी बरतनी पड़ी। कम दृश्यता के कारण हवाई और रेल यातायात पर भी असर देखने को मिला। कोहरे के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर कई उड़ानों में देरी हुई जिससे यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, शनिवार सुबह दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 368 दर्ज किया गया है, जो 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है। वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के अलीपुर में 350, आनंद विहार में 442, अशोक विहार में 385, आया नगर में 316, बवाना में 357, बुराड़ी में 360, और चांदनी चौक इलाके में 427 एक्यूआई दर्ज किया गया है।डीटीयू इलाके में 350, द्वारका सेक्टर-8 में 407, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 में 304, आईटीओ में 405, जहांगीरपुरी में 416, लोधी रोड में 317, मुंडका में 397, नजफगढ़ में 307, नरेला में 347, पंजाबी बाग में 394, आरकेपुरम में 374, रोहिणी में 389, सोनिया विहार में 401, विवेक विहार में 420, और वजीरपुर में 399 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

## कौन हैं बी प्राक, जिन्हें बिश्नोई गैंग से मिली है धमकी?



सिंगर बी प्राक को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से धमकी मिली है। एक धमकी भरे कॉल में उनसे 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। कौन हैं बी प्राक? जानिए उनके बारे में सिंगर म्यूजिक डायरेक्टर और कंपोजर बी प्राक को लॉरेंस गैंग से धमकी दी गई है।

लॉरेंस गैंग ने सिंगर से दस करोड़ की फिरौती मांगी है। धमकी देने वाले ने कहा है, ''दस करोड़ दो वरना मिट्टी में मिला देंगे...'। पंजाबी सिंगर दिलनूर को 6 जनवरी की दोपहर ऑडियो रिकॉर्डिंग भेजी गई है। इससे पहले सिंगर दिलनूर को ही पांच जनवरी को दो बार फोन भी आया था। लेकिन दिलनूर ने कॉल रिसीव नहीं की थी। छह जनवरी को भी विदेश के नंबर से फोन किया गया था। पंजाबी गायक दिलनूर ने एसएसपी मोहाली के पास एक शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस जांच में जुटी है। प्राक मशहूर सिंगर हैं, जिन्होंने पंजाबी और बॉलीवुड दोनों फिल्म इंडस्ट्री में चर्चित गाने गाए हैं। 07 फरवरी 1986 को जन्मे बी प्राक असली नाम प्रतीक बच्चन है। संगीत में दिलचस्पी उन्हें विरासत में मिली। उनके पिता वरिंदर बचन भी पंजाबी और हिंदी म्यूजिक प्रोड्यूसर और पॉप, लोक संगीत व भजनों के कंपोजर थे, जिन्होंने 'जट्ट पंजाब दा' जैसी पंजाबी फिल्मों में भी काम किया था। बी प्राक ने करियर की शुरुआत बतौर म्यूजिक प्रोड्यूसर की थी। फिर सिंगर के तौर पर 'मन्न भरया' गाने से उन्होंने डेब्यू किया। उन्होंने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में साल 2019 में सिंगर के रूप में 'तेरी मिट्टी' गाने से डेब्यू किया। फिल्म 'केसरी' का यह गाना खूब पसंद किया जाता है।

## छावा' को लेकर संगीतकार ए आर रहमान ने दिया बड़ा





हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क को दिए एक इंटरव्यू में संगीतकार ए आर रहमान ने कहा, 'छावा एक बांटने वाली फिल्म है। मुझे लगता है कि इसने लोगों के बीच के बंटवारे का फायदा उठाया। लेकिन मुझे यह भी लगता है कि इसका मकसद बहादुरी दिखाना था। मैंने डायरेक्टर से पूछा था कि उन्हें इस फिल्म के लिए मेरी जरूरत क्यों है। तब डायरेक्टर ने कहा था कि उन्हें सिर्फ मेरी जरूरत है'।वह आगे कहते हैं, 'यह एक मजेदार फिल्म है लेकिन निश्चित रूप से लोग ज्यादा समझदार हैं। क्या आपको लगता है कि लोग फिल्मों से इंस्पायर होंगे? उनके पास अपना इनर कॉन्शियस होता है, उन्हें पता होता है कि क्या सच है या क्या हेर-फेर है।'

## तैमूर के जन्म के दो दिन पहले सलमान के साथ पार्टी कर रही थीं करीना




करीना कपूर ने शुक्रवार को थ्रोबैक फोटो ट्रेंड फॉलो करते हुए अपनी कई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में वह बेबी बंप में नजर आईं। साथ ही तैमूर के जन्म की तस्वीर भी पोस्ट की है। कई तस्वीरों में वह सैफ अली खान और अपने दोस्तों के साथ नजर आ रही हैं। हर तस्वीर के साथ करीना ने एक कैप्शन भी लिखा है। एक तस्वीर से पता चलता है कि वह बड़े बेटे तैमूर के जन्म से दो दिन पहले सलमान खान के साथ पार्टी कर रही थीं। देखें, करीना कपूर की वो अनदेखी तस्वीरें। करीना कपूर ने सबसे पहले अपने बेबी बंप वाली तस्वीर शेयर की। इस फोटो में उन्होंने स्विम वियर पहना है। आगे कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह प्रेग्नेंट हैं और सैफ अली खान के साथ नजर आ रही हैं। करीना कपूर ने एक फोटो शेयर की, जिसमें सलमान खान और सैफ अली खान उनके साथ नजर आ रहे हैं। इस फोटो पर उन्होंने लिखा, 'तैमूर के जन्म से 48 घंटे पहले पार्टी करते हुए।' इस फोटो के साथ करीना ने हार्ट इमोजी भी बनाया है। आगे करीना कपूर ने बड़े बेटे तैमूर के जन्म की एक फोटो पोस्ट की हैं। इसमें सैफ अली खान बेटे को गोद में लिए खड़े हैं। फोटो में पीछे करीना कपूर की दादी नजर आ रही हैं।

## सिद्धार्थ मल्होत्रा के बर्थ डे पर कियारा ने शेयर की पोस्ट






आज सिद्धार्थ मल्होत्रा अपना 41वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर सिद्धार्थ की पत्नी और एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने एक प्यारा सा पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया है। साथ ही कई बॉलीवुड एक्ट्रेस ने भी सिद्धार्थ को बर्थ डे विश किया है। सिद्धार्थ मल्होत्रा का 41वां जन्मदिन खास है। उनकी जिंदगी में खुशियां दोगुनी हो चुकी हैं। इसकी वजह बेटी सरायाह है। कियारा और सिद्धार्थ कुछ वक्त पहले ही माता-पिता बने हैं। आज सिद्धार्थ के जन्मदिन पर जो बर्थ डे पोस्ट कियारा ने शेयर की है, उसमें सरायाह भी शामिल हैं। जानिए, कियारा ने किस तरह की पोस्ट सिद्धार्थ के बर्थ डे पर की। साथ की करीना कपूर से लेकर तमन्ना भाटिया के अलावा कई सेलेब्स ने सिद्धार्थ को बर्थ डे विश किया है।


## सीरियल किसर की इमेज कैसे टूटी? बोले इमरान हाशमी





इमरान हाशमी अब लगातार अलग-अलग तरह की भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। एक्टर ने बताया कि किस तरह उन्होंने सीरियल किसर की अपनी छवि को तोड़ा है। जानिए उन्होंने किन फिल्मों को दिया इसका श्रेय इमरान हाशमी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज सीरीज 'तस्करी: द स्मगलर्स वेब' को लेकर चर्चाओं में हैं। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस सीरीज में इमरान हाशमी ने कस्टम ऑफिसर की भूमिका निभाई है। इस बीच अब इमरान ने अपनी सीरियल किसर और लवर बॉय वाली छवि को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने बताया कि किस तरह वो इस छवि से बाहर निकलने का प्रयास कर रहे हैं।हिंदुस्तान टाइम्स के साथ बातचीत के दौरान इमरान हाशमी ने खुद के टाइपकास्ट किए जाने पर बात की। उन्होंने कहा कि कोई एक भूमिका नहीं है, यह कभी एक नहीं

## बचपन की सीख से बदला जावेद अख्तर का धर्म-नजरिया



हाल ही में जावेद अख्तर 19वें जयपुर लिट्रेचर फेटिवल में नजर आए। इस इवेंट में उन्होंने कई मुद्दों को लेकर बात की, अपनी राय साझा की है। इसमें से एक सब्जेक्ट सेकुलरिज्म भी था। सेकुलरिज्म को लेकर क्या सोच रखते हैं जावेद अख्तर? कैसे बचपन की एक घटना ने सेकुलरिज्म को लेकर उनके मन पर गहरा असर किया? जानिए। जावेद अख्तर ने सेकुलरिज्म को लेकर कहा, 'अगर किसी दिन आपको कोई लेक्चर दिया जाता है और उसे सुनने के बाद आपको कुछ प्वाइंट्स ही याद रहते हैं, तो वह नकली है, वह बनावटी है। यह चीज ज्यादा समय तक नहीं टिक पाएगी। लेकिन अगर यह आपकी जिंदगी जीने का तरीका है तो स्थिति बिल्कुल अलग होगी।से आपने अपने बड़ों को सम्मान करना सीखा है। उसी तरह से सेकुलरिज्म की सोच भी आपकी जिंदगी का हिस्सा बन जाती है।'

# स्टार्टअप इंडिया: जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बन

## 10 वर्षों में भारत ने बदली तस्वीर, चुनौती को अवसर में बदला




बीते दस वर्षों में भारत ने स्टार्टअप के क्षेत्र में ऐतिहासिक छलांग लगाई है। कभी रोजगार की तलाश करने वाला देश आज दुनिया के लिए रोजगार पैदा करने वाला बड़ा केंद्र बन चुका है। स्टार्टअप इंडिया अभियान के तहत हजारों नए उद्यम खड़े हुए, जिनमें युवाओं ने तकनीक और नवाचार के सहारे पारंपरिक चुनौतियों को अवसर में बदल दिया। आज ई-कॉमर्स, फिनटेक, हेल्थटेक और एग्रीटेक जैसे सेक्टरों में भारतीय स्टार्टअप वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। सरकार की नीतियों, आसान फंडिंग, डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी पहलों ने इस बदलाव को गति दी।

सरकार की नीतियों, आसान फंडिंग, डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी पहलों ने इस बदलाव को गति दी। देश में यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स की संख्या लगातार बढ़ रही है और लाखों युवाओं को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है। छोटे शहरों से निकल रहे उद्यमी भी अब बड़े आइडियाज के साथ बाजार में उतर रहे हैं, जिससे क्षेत्रीय असमानता कम हो रही है।

# लंबी उम्र नहीं, स्वस्थ जिंदगी: न्यूट्रास्यूटिकल्स का बढ़ता बाजार

## क्यों बढ़ रही है पूरक आहार की मांग

आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में लोगों की प्राथमिकता सिर्फ लंबी उम्र नहीं, बल्कि स्वस्थ और सक्रिय जीवन बन गई है। इसी सोच ने दुनिया भर में न्यूट्रास्यूटिकल्स उद्योग को तेज़ी से बढ़ावा दिया है। विटामिन, मिनरल, हर्बल सप्लीमेंट, प्रोटीन पाउडर और इम्यूनिटी बूस्टर जैसे उत्पाद अब आम घरों का हिस्सा बन चुके हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बदलती खानपान की आदतें, बढ़ता तनाव और पोषण की कमी पूरक आहार की जरूरत को बढ़ा रही है। कोरोना महामारी के बाद से लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कई गुना बढ़ी है।



हालांकि विशेषज्ञ यह भी चेतावनी देते हैं कि पूरक आहार संतुलित भोजन का विकल्प नहीं हैं। बिना सलाह के अधिक मात्रा में सप्लीमेंट लेना नुकसानदेह हो सकता है। सही खानपान, नियमित व्यायाम और डॉक्टर की उचित सलाह के साथ ही न्यूट्रास्यूटिकल्स का उपयोग लाभकारी साबित होता है।

# Q3 Results: विप्रो का तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ

## सात प्रतिशत गिरकर 3,119 करोड़ रुपये हुआ, जानिए आंकड़े




देश की प्रमुख आईटी कंपनी विप्रो के लिए चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही उम्मीद से कमजोर रही। कंपनी का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर करीब सात प्रतिशत घटकर 3,119 करोड़ रुपये पर आ गया। वैश्विक स्तर पर आईटी खर्च में नरमी और बड़े प्रोजेक्ट्स के टलने का असर कंपनी के प्रदर्शन पर साफ दिखाई दिया। हालांकि कंपनी का कुल राजस्व लगभग स्थिर रहा, लेकिन मार्जिन पर दबाव बना रहा। कंपनी प्रबंधन के मुताबिक बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और रिटेल सेक्टर से मांग में धीमापन देखने को मिला, जिसके चलते नए ऑर्डर की रफ्तार अपेक्षा से कम रही।

विप्रो ने तिमाही के दौरान लागत नियंत्रण और ऑटोमेशन पर जोर दिया, ताकि मुनाफे पर पड़ रहे असर को कम किया जा सके। डिजिटल और क्लाउड सेवाओं से मिलने वाली आय में जरूर हल्की बढ़त दर्ज की गई, जो भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। कंपनी का कहना है कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बावजूद वह नए ग्राहकों को जोड़ने और उभरती तकनीकों में निवेश जारी रखेगी।

# बैंकिंग ग्राहकों के लिए बड़ी राहत: RBI ने आंतरिक लोकपाल के लिए

## जारी किए नए नियम, शिकायत निवारण तेज होगा



ग्राहकों को बैंकिंग सेवाओं में अब और भी बेहतर शिकायत निवारण (ग्राहक समाधान) मिलने वाला है। भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने बैंकिंग उपभोक्ताओं की शिकायतों के निपटान को और अधिक तेज़ व पारदर्शी बनाने के लिए आंतरिक लोकपाल (Internal Ombudsman) के लिए नई गाइडलाइन्स जारी की हैं। इन नियमों का उद्देश्य बैंक के अंदर ही शिकायतों को प्रभावी ढंग से समाधान कराना है, ताकि उपभोक्ताओं को बार-बार RBI या अन्य एजेंसियों के चक्कर न काटने पड़े। RBI के अनुसार, आंतरिक लोकपाल बैंक के भीतर एक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष इकाई होगी, जो ग्राहकों की शिकायतों की जांच करेगी

इन नए नियमों के तहत सभी वाणिज्यिक बैंकों, सामुदायिक बैंकों और सहकारी बैंकों को आंतरिक लोकपाल नियुक्त करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा लोकपाल को शिकायतों का निष्पक्ष समाधान देने, ग्राहकों को सुनवाई का समान अवसर देने और समयबद्ध निर्णय लेने के लिए पर्याप्त प्राधिकरण मिलेगा। RBI का कहना है कि इस कदम से ग्राहक-बैंक के बीच विश्वास और पारदर्शिता बढ़ेगी।

# सोना-चांदी में ऐतिहासिक उछाल

## चांदी ₹2.65 लाख और सोना ₹1.44 लाख के पार

सोमवार को भारतीय सर्राफा बाजार में सोना और चांदी दोनों ने नए रिकॉर्ड कायम किए। वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच दिल्ली में चांदी की कीमत एक ही दिन में ₹15,000 बढ़कर ₹2.65 लाख प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना ₹2,900 की तेजी के साथ ₹1.44 लाख प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी स्पॉट गोल्ड पहली बार 4,600 डॉलर प्रति औंस के पार चला गया और स्पॉट सिल्वर करीब 6 प्रतिशत उछली।



विशेषज्ञों के मुताबिक ईरान तनाव, रूस-यूक्रेन युद्ध, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और फेड चेयरमैन जेरोम पावेल के बीच बढ़ते विवाद तथा डॉलर पर दबाव के चलते निवेशकों का रुझान सुरक्षित निवेश की ओर बढ़ा है, जिससे आने वाले दिनों में भी सोने-चांदी में मजबूती बने रहने की संभावना है।

# GDP: आर्थिक मोर्चे पर भारत के लिए अच्छी खबर

## विश्व बैंक ने जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.2% किया




आर्थिक मोर्चे पर भारत के लिए राहत भरी खबर आई है। विश्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। पहले यह अनुमान कम था, लेकिन घरेलू मांग में तेजी, सेवा क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन और सरकारी पूंजीगत खर्च में बढ़ोतरी को देखते हुए विश्व बैंक ने अपने आकलन में सुधार किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक आर्थिक सुस्ती के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही है। विश्व बैंक के अनुसार, इंफ्रास्ट्रक्चर पर बढ़ता निवेश, डिजिटल इकोनॉमी का विस्तार और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में सुधार ने विकास को गति दी है। ग्रामीण क्षेत्रों में खपत बढ़ने और बैंकिंग सेक्टर की स्थिति बेहतर होने से भी अर्थव्यवस्था को सहारा मिला है। हालांकि महंगाई, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और वैश्विक अनिश्चितताएं अभी भी चुनौती बनी हुई हैं।

आर्थिक जानकारों का मानना है कि यह सकारात्मक अनुमान विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ाएगा और शेयर बाजार में भी उत्साह दिख सकता है। सरकार की सुधार नीतियों और 'मेक इन इंडिया' जैसी योजनाओं का असर अब आंकड़ों में नजर आने लगा है, जो आने वाले समय में रोजगार और निवेश को और मजबूती देगा।

# Biz Updates: 5जी उपभोक्ताओं में भारत दुनिया में दूसरे नंबर पर

## सेबी ने 12 संस्थाओं पर लगाया पांच साल का प्रतिबंध

भारत डिजिटल क्रांति के एक नए मुकाम पर पहुंच गया है। 5जी सेवाओं को अपनाने के मामले में भारत अब दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। देश में 5जी यूज़र्स की संख्या तेज़ी से बढ़ते हुए करोड़ों में पहुंच चुकी है, जिससे मोबाइल इंटरनेट की गति, डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन शिक्षा और ई-गवर्नेंस सेवाओं को बड़ा बल मिला है। दूरसंचार विशेषज्ञों के मुताबिक 5जी नेटवर्क के विस्तार से स्मार्ट सिटी, हेल्थकेयर और औद्योगिक क्षेत्र में भी बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। सरकार और टेलीकॉम कंपनियों की ओर से देशभर में 5जी इंफ्रास्ट्रक्चर को तेज़ी से मजबूत किया जा रहा है। हजारों नए टावर और बेस स्टेशन लगाए जा चुके हैं, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों में हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंच रहा है।




इन संस्थाओं पर अवैध ट्रेडिंग और फ्रंट-रनिंग के जरिए निवेशकों को नुकसान पहुंचाने का आरोप था। सेबी ने दोषियों पर लाखों रुपये का जुर्माना भी लगाया है और अवैध तरीके से कमाई गई राशि ब्याज सहित निवेशक संरक्षण कोष में जमा कराने का आदेश दिया है। सेबी के इस कदम को शेयर बाजार में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

# Gujarat: अदाणी समूह कच्छ में करेगा 1.5 लाख करोड़ का निवेश

## बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा अक्षय ऊर्जा पार्क

गुजरात के कच्छ जिले में अदाणी समूह एक बड़ा निवेश करने जा रहा है। समूह ने यहां करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश से दुनिया का सबसे बड़ा अक्षय ऊर्जा पार्क विकसित करने की योजना की घोषणा की है। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने पर कच्छ वैश्विक स्तर पर रिन्यूएबल एनर्जी का बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा और भारत की ग्रीन एनर्जी क्षमता को नई मजबूती मिलेगी। अदाणी समूह के मुताबिक, इस विशाल अक्षय ऊर्जा पार्क में सोलर और विंड एनर्जी प्रोजेक्ट्स शामिल होंगे, जिनसे हजारों मेगावॉट बिजली का उत्पादन किया जाएगा।



राज्य सरकार का कहना है कि यह परियोजना गुजरात को रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में अग्रणी बनाएगी और देश के नेट-जीरो लक्ष्यों को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगी।

## Smith-Babar Controversy: धीमी बल्लेबाजी कर रहे बाबर को स्मिथ ने नहीं दी स्ट्राइक? पाकिस्तान की फिर से किरकिरी

यह विवाद असल में रणनीति बनाम साझेदारी का मामला था। स्मिथ ने छोटी बाउंड्री और पावर सर्ज को ध्यान में रखते हुए स्ट्राइक रोकी और ओवर में 32 रन लेकर गेम बदल दिया, जबकि बाबर का आउट होना और उनका गुस्सा कैमरों में कैद हो गया। मैच के बाद भी दोनों पक्षों ने दूरी बनाए रखी, जिससे चर्चा और बढ़ गई। ऑस्ट्रेलियाई टी20 लीग बिग बैश का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। शुक्रवार 16 जनवरी को सिडनी थंडर और सिडनी सिक्सर्स के बीच सिडनी में मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में सिडनी सिक्सर्स के स्टीव स्मिथ और बाबर आजम आपस में ही भिड़ गए और इसके बाद बाबर जब आउट हुए तो उन्होंने बैट को बाउंड्री रोप पर मारकर गुस्सा जाहिर किया। इसका वीडियो वायरल हो गया है। बाद में स्टीव स्मिथ ने वजह का खुलासा भी किया और कहा कि उन्होंने जो बाबर से कहा वह एक रणनीतिक फैसला था, लेकिन बाबर उससे खुश नहीं थे। ऐसे में बिग बैश लीग में एक बार फिर पाकिस्तानी खिलाड़ियों की किरकिरी हुई है।



पहले बल्लेबाजी करते हुए सिडनी थंडर ने 20 ओवर में छह विकेट पर 189 का स्कोर बनाया। कप्तान डेविड वॉर्नर ने 65 गेंद पर 11 चौके और चार छक्कों की मदद से 110 रन की पारी खेली। जवाब में सिडनी सिक्सर्स के लिए बाबर आजम और स्टीव स्मिथ ओपनिंग के लिए उतरे। सिक्सर्स ने 10 ओवर में बिना विकेट गंवाए 107 रन बना लिए थे। स्मिथ जहां तेज बल्लेबाजी कर रहे थे, वहीं बाबर की पारी बेहद धीमी थी। तब स्मिथ 27 गेंद में 57 रन और बाबर 33 गेंद में 46 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे। स्मिथ और बाबर के बीच विवाद 11वें ओवर में जाकर हुआ। सिक्सर्स की पारी के 11वें ओवर में क्रिस ग्रीन गेंदबाजी के लिए आए। शुरुआती दो गेंद में दो रन बने। इसके बाद बाबर ने तीसरी, चौथी और पांचवीं गेंद पर कोई रन नहीं बया।

## Virat Kohli: न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले विराट कोहली

विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ निर्णायक वनडे से पहले उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। कोहली की हालिया फॉर्म उन्हें ICC रैंकिंग में नंबर-1 पर ले आई है। दूसरे मैच में नाकाम रहने के बाद अब इंदौर में उनसे एक और बड़ी पारी की उम्मीद है। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक वनडे से पहले उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किए। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कोहली को पुजारियों के साथ चलते और 'जय श्री महाकाल' बोलते हुए देखा गया। उनकी यह आध्यात्मिक यात्रा इसलिए चर्चा में आ गई क्योंकि सीरीज 1-1 से बराबर है और तीसरा मैच 18 जनवरी को इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाना है। कोहली पिछले कुछ समय से बेहतरीन फॉर्म में हैं। वडोदरा में खेले गए पहले वनडे में उन्होंने 93 रनों की मैच-विनिंग पारी खेलकर टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि, दूसरे वनडे में न्यूजीलैंड ने सात विकेट से जीतकर सीरीज बराबर कर दी, जिससे तीसरे मैच का रोमांच बढ़ गया। ऐसे में कोहली का उज्जैन पहुंचना फैंस के बीच एक दिलचस्प विषय बन गया।



कोहली ने अक्तूबर 2013 में पहली बार रैंकिंग का शीर्ष स्थान हासिल किया था। अब तक वह 825 दिन नंबर-एक पर रह चुके हैं, जो किसी भी भारतीय बल्लेबाज के लिए सबसे ज्यादा है। यह आंकड़ा उन्हें ऑल-टाइम लिस्ट में 10वें स्थान पर रखता है, जहां शीर्ष पर वेस्टइंडीज के महान विवियन रिचर्ड्स (2,306 दिन) मौजूद हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में कोहली बड़ी पारी नहीं खेल सके और 23(29) पर आउट हुए। उन्होंने दो चौके लगाए लेकिन क्रिस्टियन क्लार्क की गेंद अंदरूनी किनारा लेकर स्टंप्स से टकरा गई। अब जब सीरीज दांव पर है, भारतीय टीम को कोहली से उसी तरह की मैच-विनिंग पारी की उम्मीद है जैसी उन्होंने पहले मैच में खेली थी। मौजूदा सीरीज के बाद कोहली भारत के लिए अगला अंतरराष्ट्रीय मैच जून में खेलेंगे। लगातार रन बनाते हुए कोहली ने कई रिकॉर्ड्स फिर से जीवंत कर दिए हैं। न्यूजीलैंड सीरीज में शानदार शुरुआत के बाद वह आईसीसी पुरुष वनडे बैटिंग रैंकिंग में जुलाई 2021।

## Steve Smith: IPL में अनसोल्ड रहे स्टीव स्मिथ की BBL में क्यों हो रही चर्चा?

IPL में अनसोल्ड रहने के बाद स्मिथ ने BBL में चौथा शतक जड़कर रिकॉर्ड किताब में अपना नाम शीर्ष पर लिख दिया। वॉर्नर के शतक और बाबर के साथ बड़ी साझेदारी ने मैच को खास बनाया। इस पारी ने स्मिथ की टी20 क्षमता पर उठने वाले सवालों को जोरदार जवाब दिया। ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने शुक्रवार को बिग बैश लीग (BBL) में इतिहास रचते हुए अपना चौथा शतक ठोका और सर्वकालिक सूची में डेविड वॉर्नर और बेन मैकडरमॉट को पीछे छोड़ दिया। सिडनी सिक्सर्स और सिडनी थंडर के बीच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस मैच में स्मिथ ने महज 41 गेंदों में शतक पूरा किया। खास बात यह रही कि उन्होंने 12वें ओवर में रायन हेडली से 32 रन बटोरे, जो बिग बैश लीग इतिहास का सबसे महंगा ओवर बन गया। 2024 में अंतरराष्ट्रीय टी20 से संन्यास लेने वाले स्मिथ दिसंबर 2025 की IPL नीलामी में भी अनसोल्ड रहे। उन्होंने अपना बेस प्राइस दो करोड़ रुपये रखा था, लेकिन किसी फ्रेंचाइजी ने बोली नहीं लगाई। हालांकि बीबीएल में उनकी इस पारी ने चर्चा का रुख पूरी तरह बदल दिया और इसे क्रिकेट फैंस ने एक तरह का 'स्टेटमेंट इनिंग' माना।




## Bangladesh Cricket: बांग्लादेश क्रिकेट में आखिर चल क्या रहा है खिलाड़ियों को मिली जान से मारने की धमकी? जानें

बांग्लादेश क्रिकेट इस समय गंभीर विवाद में है। खिलाड़ी बोर्ड के खिलाफ अधिकारों और सम्मान के लिए खड़े हैं, जबकि सीडब्ल्यूएबी अध्यक्ष मुहम्मद मिथुन को लाइफ थ्रेट मिलने से मामला और संवेदनशील बन गया है। बीसीबी ने जांच का आश्वासन दिया है, लेकिन बयानबाजी और क्रिकेट-राजनीति ने माहौल को भारी बना दिया है। बांग्लादेश क्रिकेट में पिछले कुछ दिनों से विवाद थम नहीं रहा। बांग्लादेश के सीनियर क्रिकेटर मोहम्मद मिथुन, जो इस समय खिलाड़ियों के हितों की लड़ाई में बोर्ड के खिलाफ खड़े हैं। उन्होंने खुलासा किया है कि उन्हें जान से मारने की धमकी मिली है। यह पूरा मामला उस बयान के बाद तेज हुआ जिसमें बीसीबी के शीर्ष अधिकारी नजमुल इस्लाम ने क्रिकेटरों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। मिथुन, जो क्रिकेटर्स वेलफेयर्स एसोसिएशन ऑफ बांग्लादेश (CWAB) के अध्यक्ष हैं, ने क्रिकबज से बातचीत में कहा, 'यह सच है कि मुझे जान से मारने की धमकी मिली है और मेरे लिए यह पहली बार है। मैंने कभी कोई विवादित बात नहीं कही। यह सब मेरे सिर के ऊपर जा रहा है। मैंने कब देश के खिलाफ बात की? उन्होंने आगे कहा कि उनका बयान सिर्फ खिलाड़ियों और क्रिकेट के हित में था, न कि किसी निजी एजेंडा के लिए। मिथुन ने कहा, 'मैंने कोई ऐसा शब्द इस्तेमाल नहीं किया जो देश के खिलाफ हो। मैं सिर्फ क्रिकेट और खिलाड़ियों की भलाई के लिए बोल रहा था। कोई भी देश से ऊपर नहीं है।




## IND vs NZ: न्यूजीलैंड का भारत में वनडे का सबसे सफल रन चेज भारतीय गेंदबाजों पर भारी पड़ी मिचेल-यंग की साझेदारी

IND vs NZ Highlights Result : डेरिल मिचेल और विल यंग की शानदार पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने भारत को दूसरे वनडे में हराया। दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर पहुंच गई है। इस मैच में भारत की गेंदबाजी काफी खराब रही। डेरिल मिचेल के नाबाद शतकीय पारी और विल यंग तथा ग्लेन फिलिप्स की शानदार पारियों से न्यूजीलैंड ने दूसरे वनडे में भारत को सात विकेट से हराया। भारत ने केएल राहुल के शतक की बदौलत 50 ओवर में सात विकेट पर 284 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने मिचेल के 117 गेंदों पर 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 131 रन की पारी के सहारे 47.3 ओवर में तीन विकेट पर 286 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर आ गई। यह जीत न्यूजीलैंड के लिए कई मायनों में खास रही। यह 2023 के बाद भारत के खिलाफ वनडे में उनकी पहली जीत है, इससे पहले उन्हें लगातार आठ मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं भारत में भी न्यूजीलैंड ने 2017 के बाद पहली बार वनडे मुकाबले में भारत को हराया है, जहां उसे लगातार आठ मैचों में शिकस्त मिली थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने दो विकेट जल्दी गंवा दिए थे, लेकिन इसके बाद डेरिल मिचेल और विल यंग ने तीसरे विकेट के लिए 162 रनों की अहम साझेदारी कर मैच का रुख पलट दिया। यंग शतक से चूक गए और 98 गेंदों पर सात चौकों की मदद से 87 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मिचेल ने ग्लेन फिलिप्स के साथ पारी को संभाला और टीम को जीत तक पहुंचाया। फिलिप्स ने 25 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 32 रन बनाए। भारत की ओर से हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला। रिकॉर्ड्स की बात करें तो, यह भारत में वनडे क्रिकेट में न्यूजीलैंड द्वारा किया गया अब तक का सबसे बड़ा सफल रन चेज है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ सफल लक्ष्य पीछा 2017 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 281 रन का था। कुल मिलाकर भारत के खिलाफ वनडे में न्यूजीलैंड का यह पांचवां सबसे बड़ा सफल रन चेज रहा, जिसमें 2020 में हैमिल्टन में 348 रन का रिकॉर्ड शीर्ष पर है। इसके अलावा राजकोट में यह पांच मैचों में पहली बार हुआ जब लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को जीत मिली।



# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

